भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3375

दिनांक 07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एफएमजीई परीक्षाओं में पारदर्शिता

3375. श्री कुलदीप इंदौरा:

श्री जिया उर रहमान:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को 28 जून, 2026 को आयोजित एफएमजीई में पहली बार वीडियो आधारित प्रश्नों को शामिल करने, बिना किसी पूर्व सूचना के परीक्षा पैटर्न में परिवर्तन, एक अत्यंत लंबा और कठिन प्रश्न पत्र जिसके परिणामस्वरूप उत्तीर्ण प्रतिशत केवल 12.40 होने, मूल्यांकन में पारदर्शिता की कमी, उत्तर कुंजी का प्रकाशन न होना और भीषण गर्मी के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अपर्याप्त सुविधाओं के संबंध में अभ्यावेदन और गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार/आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा इन शिकायतों की जांच करने और इन शिकायतों की जांच करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान एफएमजीई अथवा अन्य राष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षाओं में इसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार परीक्षा में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एफएमजीई जून 2026 की उत्तर कुंजी जारी करने, परीक्षा प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता लाने और प्रभावित अभ्यर्थियों की मांग के अनुसार उचित राहत प्रदान करने के लिए 20 बोनस अंक प्रदान करने सहित सुधारात्मक उपाय करने पर विचार कर रही है; और

(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) का आयोजन आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा उन विदेशी चिकित्सा स्नातकों (एफएमजी) के लिए जाँच परीक्षण विनियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है, जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) या संबंधित राज्य चिकित्सा परिषदों (एसएमसी) के साथ अस्थायी (प्रोविजनल) या स्थायी पंजीकरण प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। एफएमजीई के पाठ्यक्रम में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए एनएमसी द्वारा प्रकाशित क्षमता-आधारित स्नातक पाठ्यक्रम के अनुसार विषय/ज्ञान के क्षेत्र शामिल हैं।

एनबीईएमएस द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, वीडियो-आधारित प्रश्नों को एफएमजीई जून, 2026 परीक्षा से पहले अभ्यर्थी के लिए उपलब्ध कराए गए आधिकारिक डेमो टेस्ट में शामिल किया गया था, ताकि उन्हें परीक्षा के इंटरफ़ेस और पैटर्न से परिचित कराया जा सके और इसलिए, इसकी पूर्व सूचना दे दी गई थी।

एफएमजीई में उत्तीर्ण होने की दर कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें प्रदान की गई आयुर्विज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता, व्यक्तिगत अभ्यर्थी के ज्ञान का स्तर और परीक्षा में उसका प्रदर्शन शामिल हैं। एफएमजीई जून, 2026 में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 12.78% है। नए अभ्यर्थियों (जिन्होंने पहली बार परीक्षा दी है) में उत्तीर्ण प्रतिशत 35% से अधिक है।

इसके अतिरिक्त, एनबीईएमएस ने एफएमजीई जून, 2026 के आयोजन से पूर्व परीक्षा केंद्रों का ऑडिट किया, ताकि उनकी तैयारी और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएँ की गईं, जिनमें स्थानीय मौसम की परिस्थितियों के अनुसार, जहाँ आवश्यक था, कूलर जैसी अतिरिक्त शीतलन व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर दोनों परीक्षा पालियों के दौरान अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

(घ) और (ङ): एफएमजीई परीक्षा एक संरचित प्रश्न बैंक के माध्यम से आयोजित की जाती है, जिसमें सत्यापित प्रश्नों का एक परिमित संग्रह होता है। एफएमजीई सूचना बुलेटिन के खंड 9.7 में विशेष रूप से प्रावधान किया गया है कि यह परीक्षा एक गैर-प्रकटीकरण समझौते के अंतर्गत आती है। प्रश्नपत्रों का प्रकटीकरण परीक्षा की अखंडता, गोपनीयता तथा भविष्य में इसके आयोजन को प्रभावित कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, एफएमजीई का आयोजन अधिसूचित विनियमों और निर्धारित अर्हता मानदंडों के अनुसार कड़ाई से किया जाता है। विदेशी चिकित्सा स्नातकों (एफएमजी) से संबंधित पात्रता मानदंड, पाठ्यक्रम अथवा विनियामक ढांचे में किसी भी परिवर्तन के संबंध में एनएमसी द्वारा समय-समय पर, सांविधिक प्रावधानों तथा हितधारकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विचार किया जाता है।

*****